कक्षा 11 वीं

अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2022–23

विषय – हिन्दी

समय–03 घण्टे पूर्णांक – 80

निर्देश–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्र 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक आवंटित है, 1ग32 त्र 32
3. प्रश्न क्र 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आवंटित है। प्रत्येक प्रश्न उत्तर लगभग 30 शब्दों मे लिखिए।
4. प्रश्न क्र 16 से 19 के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आवंटित है। प्रश्न उत्तर लगभग 75 शब्दों मे लिखिए।
5. प्रश्न क्र 20 पर 23 अंक 04 आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 120 शब्दों मे लिखिए।

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए ? [1x6 = 6]

1. रजनी ने अमित के मुदे को गंभीरता से लिया क्योंकि–
   अ. वह अमित से बहुत स्नेह करती थी।
   ब. अमित उसकी मित्र लीला का बेटा है।
   स. वह अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने की सामर्थ्य रखती थी।
   द. उसे अखबार की सुर्खियों में आने का शौक था।
2. सेक्रेटेरियेट के लॉन में किस फल का पेड़ आंधी के कारण गिर गया था–
   अ. आम का पेड़ ब. जामुन का पेड़
   स. अमरूद का पेड़ द. सेब का पेड़
3. निम्न में से किसे हिन्दी सानेट का साधक माना जाता है।
   अ. दुष्यंत कुमार ब. त्रिलोचन
   स. भवानीप्रसाद मिश्र द. जयशंकार प्रसाद
4. दुष्यंत कुमार की गजल उनके कौनसे काव्य संग्रह से ली गई है।
   अ. एक कंठ विषपायी ब. सूर्य का स्वागत
   स. साये में धूप द. आवाजों के घेरे।
5. पत्रकारिता का मूल तत्व है।
   अ. संवाद ब. तर्क–वितर्क
   स. जिज्ञासा द. संगठन
6. कुई की खुदाई करने वाले लोग कहलाते है–
   अ. मजदूर ब. चेलवांजी चेजारो
   स. भागीरथ द. जल–प्रदाता

प्र.2 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए– [1x6 = 6]

1. बेबी को पार्क में एक बंगाली लड़की मिली जिसका नाम .............................. था। (ममता / अनीता / सुनीति)
2. चंपा .............................. नहीं चिन्हती। (पुस्तके / काले अक्षर)
3. घर की याद कविता .............................. ऋतु में लिखी गई है। (वर्षा / ग्रीष्म)
4. 'पेट में चूहे कुदना' मं .............................. शब्द शक्ति है। (लक्षणा / व्यंजना)
5. रजनी के पति का नमा था ..............................। (सूरज / रवि)
6. संचार प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को .............. कहते है। (हर्डल / नॉइस)

प्र.3 सही जोड़ी बनाइए– [1x6 = 6]

1. हे राम ! क्या–क्या सहना पड़ेगा वाक्य है। – समवर्गीय शब्द युग्म 2
2. पशु–पक्षी – विस्मयावादि बोधक 1
3. तार सप्तक – भवानीप्रसाद मिश्र 4

www.rajeshsir.co.in

11, 15

| | | |
|---|---|---|
| 4. कविता का गाँधी | – | प्रयोगवाद 3 |
| 5. वीर, रौद्र, भयानक | – | कागज की नाव 6 |
| 6. कृश्न चंदर | – | ओज गुण 5 |

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए– [1x7 = 7]

1. भारतेंदु युग और द्विवेदी युग के बीच की कड़ी किसे कहा जाता है ? → हजारी प्रसाद द्विवेदी
2. 'पथेर पांचाली' फिल्म में मिठाई बेचने वाले का नमा क्या था ? श्रीनिवास
3. रोला छंद की परिभाषा लिखिए। इसमें 11, 13 की यति से कुल 24 मात्रा होती है
4. निपात किसे कहते है ? लिखिए। वह अलग शब्द जो किसी शब्द या पद के बाद लगाकर उसके अर्थ पर विशेष बल देते है
5. रेजाणी पानी किसे कहते है ? → वह वर्षा जल जो रेत के नीचे जाता है परन्तु खड़िया मिट्टी के कारण भूजल में नहीं मिल पाता है
6. हिन्दी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक कौन था.?
7. कवि दुष्यंत कुमार किस बात के लिए बेकरार है ? → आवाज में असर के लिए

प्र.5 सत्य/असत्य लिखिए– [1x6 = 6]

1. शोषकों के प्रति घृणा और शोषितों के प्रति करूणा प्रगतिवाद है। ✓
2. छंद में गुणों की संख्या 5 होती है। ✗
3. गलता लोहा पाठ के लेखक शेखर जोशी है। ✓
4. जयशंकर प्रसाद को हिन्दी में नाटक सम्राट कहा जाता है। ✗
5. प्रस्तर का तद्भव प्रथम होता है। ✓
6. चंपा का पिता मिस्त्री है। ✗

प्र.6 'अपना घर' क्या तात्पर्य है ? इसे भूलने की बात क्यों कही गई है ? 2

अथवा

चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ता पर बजर गिरे ?

प्र.7 छायावाद की दो विशेषताएं लिखिए। 2

अथवा

भक्तिकाल की दो विशेषताएं लिखिए।

प्र.8 'शिवशंभु की दो गायों' की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? 2

अथवा

दबा हुआ आदमी एक कवि भी है, यह बात कैसे पता चली ?

प्र.9 कहानी तथा उपन्यास में अंतर लिखिए। 2

अथवा

जीवनी तथा आत्मकथा में अंतर लिखिए।

प्र.10 राजस्थान में कुंई किसे कहा जात है ? 2

अथवा

तातुश ने बेबी हालदार को पेन और कॉपी देकर क्या कहा था ?

प्र.11 वॉचडॉग पत्रकारिता क्या है ? 2

अथवा

पेज थ्री पत्रकारिता को समझाइए।

प्र.12 विश्व विधान योजना से क्या तात्पर्य है ? 2

अथवा

दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13 यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा

विरोधाभास अलंकार को उदाहरण सहित लिखिए।

www.rajeshsir.co.in

प्र.14 उपसर्ग और प्रत्यय में दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

क्रिया विशेषण किसे कहते है ? एक उदाहरण लिखिए।

प्र.15 तकनीकी शब्द से आप क्या समझते है ? 2

अथवा

भाव पल्लवन करते समय किन निर्देशों का पालन करना चाहिए।

प्र.16 भवानी प्रसाद मिश्र अथवा दुष्यंत कुमार का साहित्यिक परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार दीजिए। 3

1. दो रचनाएँ 2. भावपक्ष–कलापक्ष 3. साहित्य में स्थान

प्र.17 शेखर जोशी अथवा मन्नू भंडारी का साहित्यिक परिचय निम्नांकित बिन्दुओ के आधार दीजिए। 3

1. दो रचनाएँ 2. भाषाशैली 3. साहित्य में स्थान

प्र.18 निम्नांकित पंक्ति का भाव पल्लवन कीजिए। 3

"दूर के ढोल सुहावने होते है।"

अथवा

क्रिकेट खेलने के ऊपर दो मित्रों के मध्य संभावित संवाद लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3

"खेल जीवन की चेतना शक्ति है। संसार में खेलों का प्रावधान नही होता तो मानव जीवन चेतना शून्य होता। खेल हमें जीवन में संघर्ष करने और सफलता प्राप्ति की शिक्षा देते है। कठिनाइयों पर हँसत–हँसते विजय प्राप्त करने का गुण उत्पन्न करते है। जीवन में अनुशासन की शिक्षा खेलों से ही प्राप्त होती है। अनुशासन में रहकर करने का भाव खेलों से ही आता है। क्योंकि अनुशासन और सहयोग के बिना खेल चल ही नही सकते। खेलों से ही मनुष्यों में पूर्ण तन्मयता से कार्य करने की लगन उत्पन्न होती है। खेल भावना का विकास होता है। इससे सहनशीलता भी आती है। छोटे बच्चे खेल–खेल में जीवन के विकास और शिक्षा की कई बाते सीख जाते है। खेल और शिक्षा का चोली दामन का साथ है। खुशदिल बने रहना हो, स्वस्थ आरैश्र शक्तिशालि बने रहना हो, जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया रखना हो तो दिन में कम से कम एक खेल अवश्य खेलें।

प्रश्न– 1. स्वस्थ रहने के अलावा खेलों से और कौन से फायदे है ?
2. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
3. "दृष्टिकोण" का पर्यायवाची उपर्युक्त गद्यांश में से लिखिए।

अथवा

"छाया मत छुना मन, होगा दुःख दूना।
जीवन में है सुरंग सुधियां सुहावनी।
छवियों की चित्र–गंध फैली मनभावनी।
तन–सुगंध शेष रहीं, बीत गई यामिनी।
कुतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।
भूलीसी एक छुअन बनता हर जीवित क्षण।।

प्रश्न– 1. काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. यामिनी शब्द का पर्यायवाची लिखिए।
3. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए। 4

आज उनके स्वर्ण बेटे,
लगे होंगे उन्हे हेटे,
क्योंकि मैं उन पर सुहागा,
बँधा बैठा हूँ अभागा।

अथवा

कहाँ तो तय था चिरागाँ, हरेक घर के लिए,
कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए।
यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है,
चलो यहाँ से चले और उम्र भर के लिए।

www.rajeshsir.co.in

प्र.21 निम्नांकित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। 4

" बिछड़न समय बड़ा करूणो पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुख है। माइ लार्ड। आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारत वासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर न आवें। पर आप आए और उससे यहाँ के लोग बहुत ही दुखित हुए। वे दिन-रात यही मनाते थे कि जल्द श्रीमान यहाँ से पधारे।"

अथवा

"धनराम की संकोच, असमंजस और धर्म-संकट की स्थिति से उदासीन मोहन संतुष्ट भाव स अपने लोहे के छल्ले की त्रुटि हीन गोलाई को जांच रहा था। उसने धनराम की ओर अपनी कारीगरी की स्वीकृति पाने की मुद्रा में देखा। उसकी आँखों में एक सर्जक की चमक थी। जिसमें न स्पर्धा थी और न ही किसी प्रकार की हार-जीत का भाव।

प्र.22 नगर पुलिस अधिक्षक को एक पत्र लिखिए सूचित कीजिए कि मोहल्ले में चोरी की घटना में वृद्धि हो रही है, पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। 4

अथवा

अपने पिताजी को अपनी परीक्षा की तैयारी के विषय में पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में निबंध लिखिए। 4

1. विद्यार्थी जीसन और अनुशासंन
2. वनों का महत्व
3. मेरे सपनों का भारत
4. मातृभाषा का महत्व

www.rajeshsir.co.in